**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–07.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भारतीय सेना का ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को किया तबाह।**

2. **रांची समेत झारखंड के पांच जिलों में छह स्थानों पर आज शाम चार से सात बजे तक होगा नागरिक सुरक्षा अभ्यास, बजेंगे सायरन, घरों की बत्तियां बुझाये रखने का निर्देश।**

3. **राज्य के दो प्रमुख विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की हुई नियुक्ति, डा. चन्द्रभूषण विनोबा भावे और डा. कुनुल सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति बने।**

4. **मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में आज से गर्मी बढ़ने का जताया पूर्वानुमान, अगले चार दिनों में तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि संभव, कई इलाकों में हीट वेव की चेतावनी।**

5. **खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड को साइक्लिंग में स्वर्ण पदक, गतका में बालक–बालिका टीम सेमीफाइनल में पहुंची।**

*****************

भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर में मध्य रात्रि को आतंकी ढांचों पर प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की। जिन ठिकानों पर सशस्र बलों ने हमला किया है, उन्हीं ठिकानों से भारत के विरूद्ध आतंकी हमलों के निर्देश दिए गए और योजना बनाई गई थी। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा है कि नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना की ओर से आज दस बजे एक प्रेस कांफ्रेंस किया जायेगा।

*****************

सेना के ऑपरेशन सिंदूर की राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सराहना की है। इधर भाजपा नेताओं ने भी इस कार्रवाई की प्रशंसा की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि देशवासियों की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है।

*****************

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर आज शाम देश के सभी राज्यों में एक साथ मॉक ड्रिल होगी। झारखंड के भी पांच जिलों में छह स्थानों पर नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जायेगा। इनमें राजधानी रांची के अलावा पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, गोमिया, साहिबगंज और गोड्डा शामिल हैं। रांची में यह मॉक ड्रिल शाम चार से सात बजे तक डोरंडा इलाके में होगी। इस दौरान लोगों को सायरन की आवाज सुनाई देगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा है कि यह केवल नागरिक सुरक्षा अभ्यास है और इससे घबराने की जरुरत नहीं है।

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने मॉक ड्रिल में लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने डोरंडा क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि मॉक ड्रिल के दौरान अपने घरों की बत्ती बंद रखें।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक कल शाम चार बजे रांची के प्रोजेक्ट भवन में आयोजित की जायेगी। बैठक में राज्यकर्मियों और पेंशनभोगियों के मंहगाई भत्ते में दो प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इसके अलावा राज्यहित में कई अन्य प्रस्तावों पर भी मुहर लग सकती है।

*****************

राज्य के दो प्रमुख विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति की गयी है। हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में डॉ चंद्रभूषण शर्मा की नियुक्ति की गयी है जबकि दुमका के सिदो–कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की कमान डॉ कुनुल कांदिर को सौंपी गयी है। राजभवन द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी। लगभग दो वर्षों से ये दोनों विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति नहीं थे और ये कार्यवाहक कुलपतियों के भरोसे संचालित हो रहे थे।

*****************

सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–स्नातक–सीयूईटी–यूजी 13 मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कल रात यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 8 मई से शुरू होने वाली थी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा है कि अभ्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों के शहरों की सूचना पर्ची आज जारी की जाएगी। सीयूईटी–यूजी में इस वर्ष रिकॉर्ड साढ़े तेरह लाख आवेदन आए हैं। पिछले साल से पैटर्न में बदलाव करते हुए, परीक्षा केवल कंप्यूटर–आधारित टेस्ट–सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी।

इधर, एनटीए ने सीयूइटी–पीजी के परिणामों की घोषणा कर दी है। ये परीक्षाएं 13 मार्च से 1 अप्रैल के बीच कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में पूरे देश में आयोजित की गई थीं। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने स्कोरकार्ड देख सकते हैं।

*****************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने देवघर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं। उधर, जामताड़ा जिले के हीरापुर क्षेत्र से भी चार साइबर अपराधी गिरफ्तार गिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार लागुरी ने बताया कि ये अपराधी बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी किया करते थे।

*****************

खूंटी जिले में कई किसान समेकित कृषि पद्धति अपनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने में लगे है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में आज से गर्मी बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। अगले चार दिनों में तापमान में छह डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि की संभावना जतायी गयी है। कई इलाकों में हीट वेव की चेतावनी जारी की गयी है।

*****************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के दूसरे दिन झारखंड की टीम ने साइक्लिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं गतका में राज्य की बालक और बालिका दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। इधर भारतीय रेलवे एवं रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड द्वारा महिला हॉकी खिलाड़ियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तीन जून तक चलनेवाले इस शिविर का उदघाटन सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने किया।

*****************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पाकिस्तान और पीओके में भारतीय सेना द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर की खबर को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– सीमा पर जेट, शहरों में सायरन।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– झारखंड में नियुक्त 444 प्रशिक्षण पदाधिकारियों में 180 दूसरे राज्यों के।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– सरकार ने हाईकोर्ट में गलती मानी, रिम्स निदेशक को हटाने वाला आदेश वापस लेगी।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– सड़क दुर्घटना के बाद सात दिन तक डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज।

******समाप्त************